# बिहार सरकार

## लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

का० आ० संख्या–12 / वि0–160 / 2024 – 277 पटना, दिनांक– 17.7.'26

संवेदक M/S MB Construction (सूचीबद्धता संख्या–101 / 2016) को लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, धमदाहा के कार्यालय आदेश संख्या–06–सह–पठित ज्ञापांक–152, दिनांक–10.02.2023 के द्वारा किये गये डिबार के विरूद्ध दायर अपील अभ्यावेदन पर दिनांक–13.07.2026 के सुनवाई के संबंध में।

13.07.2026

## आदेश।

संवेदक M/S MB Construction, At.+P.O-Rampur Dumra, P.S-Maranchi, Dist- Patna, Pin-803301, (सूचीबद्धता संख्या–101 / 2016) एवं कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, धमदाहा सुनवाई में उपस्थित।

लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, धमदाहा अंतर्गत संवेदक M/S MB Construction (सूचीबद्धता संख्या–101 / 2016) को एकरारनामा संख्या–SBD-01/WB/2019-20 के तहत विश्व बैंक सम्पोषित पेय जल निश्चय योजना के तहत गुणवत्ता क्षेत्रों में आवंटित जलापूर्त्ति योजना का निर्माण कार्य ससमय पूरा करने में अतिशय शिथिलता बरतने के कारण कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, धमदाहा के कार्यालय आदेश संख्या–06–सह–पठित ज्ञापांक–152 दिनांक–10.02.2023 के द्वारा अगले निविदा में भाग लेने से वंचित किये जाने के विरूद्ध संवेदक द्वारा डिबार मुक्त करने हेतु अपील दायर किया गया।

संवेदक के द्वारा लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, धमदाहा अंतर्गत उक्त एकरारनामा के तहत आवंटित कार्य पूर्ण करने के उपरांत डिबार से मुक्त करने हेतु कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, धमदाहा एवं अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, पूर्णिया के प्रतिवेदन के आलोक में क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पूर्णिया प्रक्षेत्र पूर्णिया के द्वारा अपने कार्यालय पत्रांक–102, दिनांक–16.02.2024 के माध्यम से संवेदक को डिबार मुक्त करने की अनुशंसा की गई।

सुनवाई के क्रम में संवेदक द्वारा उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा गया एवं कार्यपालक अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि एकारारनामा में विहित शर्तों के तहत योजना संबंधी कार्य निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं करने एवं कतिपय निदेशों के बावजूद भी ससमय निर्माण कार्य पूर्ण करने में सम्यक अभिरूचि नहीं लेने के कारण संवेदक को डिबार किया गया था। तत्पश्चात, कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि डिबार करने के बाद संवेदक द्वारा एकारारनामा के अनुरूप कार्य किया गया है।

अतः सम्यक समीक्षोपरांत क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पूर्णिया प्रक्षेत्र पूर्णिया के पत्रांक–102, दिनांक–16.02.2024 एवं कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, धमदाहा के पत्रांक–1633, दिनांक–01.07.2026 से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, धमदाहा के कार्यालय आदेश संख्या–06–सह–पठित ज्ञापांक–152 दिनांक–10.02.2023 द्वारा संवेदक M/S MB Construction, (सूचीबद्धता संख्या–101 / 2016) को निविदा में भाग लेने से डिबार करने संबंधी आदेश को एतद् द्वारा तत्काल प्रभाव से विलोपित किया जाता है।

Rajesh K.
15/7/2026.
(राजेश कुमार)
प्रधान सचिव

ज्ञापांक–12 / वि0–160 / 2024– 1144 पटना, दिनांक– 17.7.26

प्रतिलिपि–अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, जल संसाधान विभाग, बिहार, पटना / पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना / भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना / लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना / योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना / नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना / प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, बिहार, पटना / बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना / बुडको, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(दया शंकर प्रसाद)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12 / वि0–160 / 2024– 1144 पटना, दिनांक– 17.7.26

प्रतिलिपि–अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय) / सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता / सभी अधीक्षण अभियंता / सभी कार्यपालक अभियंता / आई0 टी0 मैनेजर, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

आई0 टी0 मैनेजर निदेश है कि इसे विभागीय वेबसाइट पर अपलोड किया जाय।

(दया शंकर प्रसाद)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12 / वि0–160 / 2024– 1144 पटना, दिनांक– 17.7.26

प्रतिलिपि–कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, धमदाहा / संवेदक, M/S MB Construction, At.+P.O-Rampur Dumra, P.S-Maranchi, Dist- Patna, Pin-803301 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(दया शंकर प्रसाद)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)

ज्ञापांक–12 / वि0–160 / 2024– 1144 पटना, दिनांक– 17.7.26

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

(दया शंकर प्रसाद)
मुख्य अभियंता (रूपांकण)